RAF SECTOR
NEWS CLIP
30/01/2024

CENTRAL RESERVE POLICE

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE RAPID ACTION FORCE

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Aacharan, Sagar, (MP)

आर ए एफ ने गोपालगंज थाना क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक आदि जानकारियां एकत्रित की

आचरण संवाददाता

सागर। केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ए-107 वाहिनी की एक प्लाटून जगदीश प्रसाद बलाई (कमांडेंट) 107 वाहिनी के आदेशानुसार एस क्यू अख्तर जमाल (उप कमा.) के नेतृत्व में दिनांक 26 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 तक जिला सागर के सभी थानों में जाकर परिचय अभ्यास कराया जा रहा हैं। एस क्यूए अख्तर जमाल के द्वारा यह जानकारी दी गई कि इस दौरान प्लाटून में प्लाटून कमान्डर नन्दी बाबु ओगिराला (सहा कमा.) तथा अधीनस्थ अधिकारी 8 अन्य सैनिक 33 कुल 43 उपस्थित हैं। रैपिड एक्शन फोर्स का गठन 7 अक्टूबर 1992 को किया गया था। भारत सरकार द्वारा रेपिड एक्सन फोर्स का गठन करने का उद्देश्य दंगा या दंगों जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए किया गया हैं। जो की कम से कम समय में दंगों वाली जगह पर पहुंच कर परिस्थितियों को देखते हुए उसके अनुरूप कार्य करके निपटा जा सके। इसलिए रैपिड एक्शन फोर्स की एक कम्पनी को प्रत्येक दिन तीव्र प्रतिवाचन के लिए तैनात किया जाता हैं। ताकि किसी भी जिले में किसी प्रकार की आकस्मिक घटना होने पर घटना वाले स्थान पर तुरंत पहुंचा जा सके। रैपिड एक्शन फोर्स की 15 वाहिनी भारत के विभिन्न प्रदेशों के अलग-अलग जिलों में तैनात हैं। वर्तमान में 107 वाहिनी रैपिड एक्सन फोर्स को हिनोतिया, जिला रायसेन में कानून व्यवस्था के लिए तैनात किया गया हैं। रैपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के

आयोजन की जानकारी देते हुए एस न्यू अख्तर जमाल ने बताया कि रविवार के परिचय अभ्यास के दौरान पुलिस थाना गोपालगंज सागर के अंतर्गत थाना क्षेत्र के झण्डा चौक, डिग्री कालेज, कृष्णगंज वार्ड, शनीचरी एवं बस स्टेण्ड में थाना प्रभारी गोपालगंज अजेय प्रकाश सारवान की उपस्थिति में फ्लैग मार्च किया और वहां की भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक इत्यादि जानकारियां एकत्रित करना तथा क्षेत्र की जनसंख्या, साक्षरता दर, असामाजिक तत्वों, सामुदायिक दृष्टी से संवेदनशील-अति संवेदनशील इलाको तथा बलवाइयों-दंगाइयों की सूची तैयार की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना या साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर और किस प्रकार से उस पर नियंत्रण किया जाये आदि सभी का गहन अध्ययन किया जावेगा।

इस परिचय अभ्यास का उद्देश्य जिले के सिविल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के भाथ सामंजस्य बनाकर विपरीत परिस्थितियों में कार्य करना है। जिससे आम जनमानस में प्रशासन एवं पुलिस पर विश्वास बना रहें। जिसका नाम रैपिड एक्सन फोर्स के नाम से प्रसिद्ध हैं।

ए-107 वाहिनी के प्लाटून के सदस्यों द्वारा राजनैतिक संगठनों, समाजसेवी संगठनों व जीवन रक्षक संस्थानों की भी जानकारी प्राप्त की जाएगी एवं सभी क्षेत्रों का मानचित्र भी बनाया जायेगा। जिसका उद्देश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर नियंत्रण के लिए नियत स्थल पर तत्काल पहुंचने में सुविधा हो।

Gujarat Vaibhav, Ahmedabad, (GUJ)

100 वाहिनी द्रुत कार्य बल ने मनाया 75वां गणतंत्र दिवस

अहमदाबाद। द्रुत कार्य बल के वस्त्राल स्थित प्रांगण में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। 75वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समीर कुमार राव, (कार्यभार) कमाण्डेन्ट 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल द्वारा सर्वप्रथम शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजली दी गई, तत्पश्चात वाहिनी चर्टर गार्ड के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया व सेरेमोनियल गार्ड द्वारा श्री समीर कुमार राव, (कार्यभार) कमाण्डेन्ट महोदय को सलामी दी गई। इस खास मौके पर के.रि.पु.बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी

एवं जवानों को उनके अप्रतिम शौर्य व कर्तव्यनिष्ठा से संपन्न किये गये कार्यों की स्वीकारोक्ति के रुप में विभिन्न पदको से सम्मानित किया गया जिनके नाम महोदय द्वारा पढे गये। तथा वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों को उच्च कार्यालयों द्वारा जारी किए गए प्रशस्ति पत्र व पदक महोदय द्वारा प्रदान किये गये। इस महापर्व में वाहिनी के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानो को मीठाइ वितरण किया गया। संस्थान के मोंटेसरी स्कुल में ध्वजारोहण किया गया एवं बाल कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। गणतंत्र दिवस समारोह वाहिनी के राजपत्रित अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।